(मूल के प्रतिलिपि)

सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं. 20-19/15/22-राभा. दिनांक 10/08/2022

## कार्यालय ज्ञापन

विषय : (1) आईसीएमआर-एनआईएमआर द्वारा 17 अगस्त 2022 को ऑनलाइन माध्यम से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, व (2) नराकास, (दक्षिणी दिल्ली-1) की हिंदी पत्रिका के दूसरे अंक हेतु रचनाओं के लिए आमंत्रण।

नराकास, (दक्षिणी दिल्ली-1) की गतिविधियों से संबंधित दो ईमेल प्राप्त हुए हैं जो संस्थान के कार्मिकों के लिए उपयोगी हैं। दोनों गतिविधियों की ओर सभी कार्मिकों का ध्यान आकर्षित किया जाता है –

(I) आईसीएमआर-एनआईएमआर, नई दिल्ली दिनांक 17 अगस्त 2022 को ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसमें संस्थान के हिंदी पदाधिकारियों को छोड़कर सभी कार्मिक भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए गूगल फार्म भरकर टाइप किए/हाथ से लिखे निबंध की पीडीएफ फाइल अपलोड करनी होगी जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 17.08.2022 को अपराह्न 5 बजे तक है।

प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार क्रमशः 5000/, 3000/-2000/- एवं 1000/- रखी गई है। संस्थान से अनुरोध किया गया है कि निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची 18 अगस्त तक vandananimr@gmail.com पर भेज दें ताकि प्रतिभागियों का सत्यापन किया जा सके। ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी परिशिष्ट 'क' पर संलग्न है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को दिए गए दो विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखना होगा तथा निर्धारित तिथि, 17 अगस्त 2022 शाम 5 बजे तक तक **vandananimr@gmail.com** एवं **sanjayc.crri@nic.in** पर ईमेल से अपनी प्रविष्टि (निबंध) भेजना अनिवार्य होगा।

(II) दूसरा ईमेल नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-I की हिंदी पत्रिका 'स्पंदन' का द्वितीय अंक प्रकाशित करने के संबंध में है। इसके अनुसार सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया है कि दिनांक 20.08.2022 तक कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय को हिंदी रचनाएं/गतिविधियों से संबंधित लेख भेज दिए जाएं। संस्थान के इच्छुक कार्मिक नराकास की हिंदी पत्रिका में प्रकाशन के लिए अपनी हिंदी रचनाएं/गतिविधियों से संबंधित लेख भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि, 20.08.2022 तक नराकास की हिंदी पत्रिका में रचनाएं/लेख भेजने के लिए इसे **tolic.epfo@epfindia.gov.in** एवं **sanjayc.crri@nic.in** पर भेजना अनिवार्य होगा।

ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता के आयोजन तथा नराकास की हिंदी पत्रिका में प्रकाशन के लिए हिंदी रचनाएं भेजने से संबंधित दोनों जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना अपेक्षित है। सभी प्रमुखों से अनुरोध है कि अपने अनुभाग एवं प्रभाग में इसका व्यापक परिचालन सुनिश्चित करें ताकि संस्थान के कार्मिकों को हिंदी में कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जा सके तथा हिंदी की गतिविधियों में उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

10/8/22

(संगीता बैनर्जी)
वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि -

1. निदेशक, सीआरआरआई के निजी सचिव
2. वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक कार्यालय – सूचनार्थ
3. प्रशासन अधिकारी कार्यालय – सूचनार्थ
4. सभी अनुभागों/प्रभागों के प्रमुख – सूचनार्थ, व्यापक परिचालन, प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहन देने हेतु
5. प्रमुख, सीसीएन – सीआरआरआई की वेबसाइट एवं इंट्रानेट पर अपलोड करने के लिए
6. सभी सूचना पट्ट

प्रतियोगिता कार्यालय ज्ञापन

परिशिष्ट 'क' के लिए पृष्ठ पलटें

परिशिष्ट 'क' (मूल ईमेल)

सेवा में,

नराकास (दक्षिणी दिल्ली-1) के सभी सदस्य कार्यालय

संलग्न सूची के अनुसार

विषय : नराकास, (दक्षिणी दिल्ली-1) के सदस्य कार्यालयों के लिए आईसीएमआर-एनआईएमआर द्वारा 17 अगस्त 2022 को ऑनलाइन माध्यम से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में अनुरोध है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 21.01.2022 को आयोजित 10वीं बैठक में लिए गए निर्णय का अनुसरण करते हुए आईसीएमआर-एनआईएमआर द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2022 को ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की रुपरेखा इसके साथ संलग्न है।

नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार की ऑनलाइन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में हमारे संस्थान द्वारा भी यह ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आप सभी से अनुरोध है कि कृपया अपने कार्यालय में अधिक से अधिक कर्मचारियों/अधिकारियों को इस प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दें और उन्हें इसमें भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें।

कार्यालयाध्यक्ष कृपया इस निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची 18 अगस्त तक vandananimr@gmail.com पर भेज दें ताकि प्रतिभागियों का सत्यापन किया जा सके।

ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता के संबंध में कृपया ध्यान दें कि :

1. निबंध का विषय **"स्वतंत्रता के 75 वर्ष – क्या खोया क्या पाया"** या **"बदलती जीवन शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव"** है।

2. प्रतिभागी अपना निबंध अधिकतम 1500 शब्दों में मंगल फोंट में टाइप कर या हाथ से लिखे निबंध की पीडीएफ फाइल बनाकर दिनांक 17.08.2022 को अपराह्न 5 बजे तक सहायक निदेशक (राजभाषा) vandananimr@gmail.com को ई-मेल द्वारा भेजें।

3. कृपया ध्यान रहे कि प्रतिभागी अपने निबंध पर अपना व्यक्तिगत विवरण ना लिखें। संलग्न गूगल फार्म में अपना विवरण भरकर भेजें और अंतिम कॉलम में "अपना निबंध अपलोड करें" पर क्लिक करके अपने टाइप किए/हाथ से लिखे निबंध की पीडीएफ फाइल अपलोड करें।

4. गूगल फॉर्म का लिंक इस प्रकार है : https://docs.google.com/forms/d/1u97Juwt-m7WONq3p01mRQvQy98C84ILWWGBrsTDN_Y8/edit

5. दिल्ली स्थित सदस्य कार्यालय एवं उनकी दिल्ली स्थित शाखाओं के हिन्दी संबंधी पदों के अतिरिक्त कर्मचारी/अधिकारी प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं।

6. संबंधित प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार क्रमशः 5000/-, 3000/-, 2000/- एवं 1000/-(दो) होंगी।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप डॉ. वंदना शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) मोबाइल : 9810517765 से संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

(डॉ. अमित शर्मा)
निदेशक